खबर संक्षेप

## साधकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु सौंपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज देश के 750 जिला केंद्रों पर विशाल रैली और धरना प्रदर्शन के तहत अखिल भारतीय नारी रक्षा मंच की हजारों बहनों ने जिले के सांसद विवेक ( बंटी ) साहू , जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव और जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट के नाम ज्ञापन देकर सनातन संस्कृति के रक्षक परम पूज्य संत श्री आशारामजी बापू के लिए न्याय की मांग की ।साध्वी रेखा बहन और साध्वी प्रतिमा बहन के सानिध्य में विकासखण्ड स्तर पर भी विरोध रैली निकाली गई । ज्ञापन देते समय साध्वी रेखा बहन , साध्वी प्रतिमा बहन , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , महिला समिति ( लिंगा ) की अध्यक्ष ललिता विलाश घोंघे , रुपाली इंगले , सुधा ताम्रकार , ज्योति कराडे , प्रीति सोनारे , छाया सूर्यवंशी , डॉ. मीरा पराड़कर , विमल शेरके उपस्थित रहीं । समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , पी. आर. शेरके , धनाराम सनोडिया ,सुभाष इंगले ,बबलू माहोरे , कैलाश राउत , गोवर्धन मालवीय आदि ने सहयोग किया ।

## मातृशक्तियों का हुआ सम्मान

**परासिया :** अन्तर राष्ट्रीय महिला दिवस पर मात्रशक्तियों का सम्मान किया गया । नगर के ह्दय स्थल आराधना विधालय उ, म,शाला परासिया में ब्लाक महिला कॉंग्रेस परासिया के तत्वाधान में महिला दिवस मनाया गया । शाला परिवार की 22 मात्रशक्तियो को उपहार एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया । गीत गजल से कार्यक्रम में चार चाँद लग गए । कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बसन्त मालवी ब्लाक समन्वयक , अंजलि श्रीवास्तव ब्लाक अध्यक्ष , सावित्री वर्मा नगर अध्यक्ष , फेमुन्निशा कुरैशी मौजूद रही।

### भ्रष्टाचार के मामले में सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

# सेमरढाना पुल में भ्रष्टाचार की खुली इबारत पढ़ने को नहीं तैयार प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया








तामिया आरईएस उप संभाग अंतर्गत डोब ग्राम पंचायत के सेमरढाना में बनाए गए पुल निर्माण में कार्यपालन यंत्री जो एसडी रहे है, उनके कार्यकाल में उप यंत्री ने इस पुल निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार का खुला खेल खेला और एक भ्रष्टाचार की नई इबारत लिखी लेकिन जिला प्रशासन एवं विभाग के आला अधिकारी को इससे कोई लेना-देना नहीं। पुल निर्माण में लगने वाली निर्माण सामग्री का मापदंड के अनुसार उपयोग नही किया गया ना ही निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग की गई। जिसका परिणाम ये हुआ कि निर्माण में गुणवत्ता का अभाव साफ देखा जा सकता है। संविदा उपयंत्री जिनको कारवाई होने के बाद निलंबन के बजाय सेवा समाप्ति का भी भय नहीं रहा और उन्होंने बनने बाले इस पुल मै मटेरियल सप्लायर को अघोषित ठेका दे डाला और अघोषित ठेकेदार ने इस पुल निर्माण में सारे तकनीकी मापदंड को दरकिनार कर निर्माण कार्य किया जिससे संबंधित हरिभूमि ने लगातार खबर प्रकाशित की लेकिन जिला प्रशासन एवं आलाधिकारी इस भ्रष्टाचार की खुली इबारत को पढ़ने तैयार ही नहीं है। इस तरह इस पुल में सारी तकनीकी खामियों को जानते बूझते हुए भी तत्कालीन सहायक यंत्री जो वर्तमान में कार्यपाली नियंत्रित भी हैं। इनके मौन संरक्षण में इस पुल में जमकर भ्रष्टाचार किया गया और सप्लायर के नाम पर फर्जी तरीके से राशि आहरण बंदर बांट की जबकि हाल ही में भ्रष्टाचार के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की है कि भाड़े के हत्यारो से भी ज्यादा खतरनाक है। भ्रष्टाचार टिप्पणी में समाज के प्रगति में बाधा डालने वाला एकमात्र कारक है। भ्रष्टाचार इसकी भी टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई है। जब अधिकारी आर्थिक लूटपाट करने लगे तो आम जनता का शासन एवं प्रशासन से विश्वास टूटता है। यदि हाल ही में प्रकाशित सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी समाचार पत्रों से मेल मिलाये तो आरईएस विभाग उप संभाग तामिया के तहत बनाया गया सेमर ढाना का पुल सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से मेल खाता है। यदि जिला प्रशासन चाहे तो जिला पंचायत को दिये गये लिखित आवेदन एवं समाचार पत्रों में छपी खबरों के बाद भी यदि जिला प्रशासन एवं विभाग के आला अधिकारी भ्रष्टाचार के मील का पत्थर बन चुके इस पुल निर्माण की जांच करने में क्यों हिचक रहे हैं। भ्रष्टाचार की राशि विभाग के साथ-साथ जिला के आला अधिकारियों को भी कहीं मिली तो नहीं है। जिस कारण ईस पुल निर्माण में लिखित शिकायत प्रकाशित खबरों के बावजूद भी जांच करने को बिल्कुल तैयार नहीं है। पुल निर्माण में कांक्रीट के साथ में बड़े बोल्डर मिलाये साफ देखे जा सकते हैं, वहीं लोहे के नाम पर भी रस्म अदायगी पुल निर्माण के दौरान बरती गई है। समाचार में प्रकाशित चित्रों से साफ भ्रष्टाचार प्रदर्शित करती हैं।

## आज नेशनल लोक अदालत में निपटे 1509 प्रकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परस्पर समझौते के आधार पर आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय दिये जाने के उद्देश्य से नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय छिंदवाड़ा तथा तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई, तामिया में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा श्री सुशांत हुद्दार के कुशल नेतृत्व में किया गया। नेशनल लोक अदालत में 42 खण्डपीठों के द्वारा मोटर दुर्घटना के 77 प्रकरणों में 28600000 रूपये एवं चेक वाउन्स के 165 प्रकरणों में 26634525 रूपये, श्रम विवाद के 03 प्रकरण में 2405668 रूपये के अवार्ड पारित किये गये तथा राजीनामा योग्य दांडिक 271 प्रकरण, पारिवारिक विवाद के 100 प्रकरण, अन्य सिविल प्रकृति के 55 प्रकरणों में 7059680 रूपये के अवार्ड पारित किये गये, इसी प्रकार विद्युत अधिनियम के 29 प्रक्ररणों में 3170725 रूपये की अवार्ड राशि सहित न्यायालयों में लंबित कुल 771 प्रकरणों में दोनों पक्षों की सहमति के आधार पर राजीनामा किया जाकर अंतिम निराकरण किया गया। इसी प्रकार बैंकों, नगर निगम/नगरपालिका, विद्युत विभाग के प्री-लिटिगेशन के 3276 प्रकरणों में 738 प्रक्ररण निराकृत किया जाकर 8158850 रूपये की राशि के अवार्ड पारित किये गये। जिले की तहसील मोहखेड़ की ग्राम पंचायत पौनार थाना लावाघोघरी निवासी श्री योगीराज सोनी उम्र 25 वर्ष ने कुटुम्ब न्यायालय छिन्दवाड़ा में हिन्दु विवाह अधिनियम की धारा 09 के अन्तर्गत वैवाहिक जीवन की पुर्नस्थापना के लिए याचिका प्रस्तुत किया।

## हमारे देश में प्रत्येक दिवस महिला दिवसः श्री धारकर

**छिंदवाड़ा।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक छिंदवाड़ा में समारोह पूर्वक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया । इस अवसर पर विद्यालय की महिला शिक्षकों, कार्यालयीन कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर महिला दिवस का शुभारंभ किया । विद्यालय प्राचार्य श्री हरि प्रसाद धारकर ने सभी पुरुष साथियों की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपनी महिला साथियों को उपहार देकर एवं मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री धारकर ने कहा कि हमारे देश में प्रत्येक दिवस महिला का ही दिवस है । हमारी संस्कृति में पुरातन काल से यत्र नार्यस्तु पूज्यंते तत्र रमंते देवता की बात पर हृदय की गहराइयों से विश्वास किया जाता रहा है । हमारी संस्कृति में किया जाने वाला कन्या पूजन वास्तव में समाज में महिलाओं की उच्च स्थिति का प्रतीक है । हम जब भी परम शक्तिमान परमेश्वर का स्मरण करते हैं तो अधिकतर हमारे मस्तिष्क में अष्टभुजा धारी विभिन्न शस्त्रों को धारण करने वाली माता दुर्गा का चित्र प्रकट होता है । महिलाओं को हमारे समाज में जो गरिमामय स्थान प्राप्त है, उनकी ही जिम्मेदारी है कि वह उसे अक्षुण्ण बनाए रखें । प्रत्येक अधिकार संपन्न महिला चाहे वह घर में मां अथवा सास हो या कार्यालय में अधिकारी हो को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह अपने अधीनस्थ अन्य महिलाओं को समान अवसर प्राप्त हों, उनके साथ किसी तरह का भेदभाव न हो।

## संस्कृति ज्ञान परीक्षा में रामशांति के सर्वाधिक विद्यार्थी शामिल

**पांढुर्ना।** अपनी शाला के छात्र छात्राओं को सर्वाधिक संख्या में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शामिल कराने के लिए रामशांति विद्या मंदिर की प्राचार्या चारु गुलाटी का आज सत्कार किया गया। यह सत्कार समारोह गायत्री शक्तपीठ पांदुर्ना में किया गया।ज्ञात हो कि वर्ष 2024-25 में संपन्न भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में राम शांति विद्या मंदिर के सर्वाधिक छात्रों ने सम्मिलित होकर एक अद्भुत मिसाल पेश की। विद्यालय के 586 छात्र छात्राएं इस परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। अखिल भारतीय विश्वगायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से नवंबर में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ है। समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। यह परीक्षा कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। श्रीमती चारू गुलाटी शाला की ओर से प्रतिनिधि के रूप में कार्यालय प्रमुख संजय सौदागर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सभी प्रतिष्ठित महानुभावों की उपस्थिति रही।



## पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

**जुन्नारदेव।** आगामी दिनों में शांतिपूर्ण सद्भाव एवं हर्ष उल्लास से सभी त्योहारों को मानने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।होली और रमजान को लेकर पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में एसडीओपी श्रीमती सोनम पाटिल ने कहा कि होली भाईचारे का पर्व है। आगे उन्होंने कहा कि हुड़दंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। नशेड़ी और शराब कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। अश्लील और फूहड़ गानों के साथ डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। अफवाहों से बचने की अपील की गई।थाना प्रभारी राकेश सिंह बघेल ने कहा कि रमजान का पाक महीना शुरू हो चुका है। रोजेदारों का पूरा ख्याल रखना होगा। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान में बाधा बर्दाश्त नहीं होगी। दोनों समुदायों के लोग हमेशा भाईचारे और सद्भाव के साथ रहते आए हैं। बैठक में तहसीलदार राजेंद्र टेकाम एसडीओपी सोनम पाटिल,नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, जामा मस्जिद, गरीब नवाज मस्जिद, ईदगाह मस्जिद, आयशा मस्जिद के प्रतिनिधि अरुणेश जायसवाल, उमेश बत्रा, प्रमोद बंदेवार, राजेंद्र श्रीवास्तव, व दोनों सामुदायिक के प्रतिनिधि पत्रकार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## गर्ल्स कॉलेज में सांसद ने किया महिलाओं का सम्मान

**छिन्दवाड़ा।** वैसे तो हर कार्यक्रम में देखा गया है कि मंच पर अतिथियों को बैठाया जाकर उनका आदर सम्मान किया जाता है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुछ अलग ही नजारा देखने को मिला। सांसद बंटी विवेक साहू जैसे ही कार्यक्रम स्थल पहुंचे तो उन्हें सादर पूर्वक मंच पर विराजित होने के लिए बुलाया गया, लेकिन उन्होंने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है तो आज मंच पर मैं नहीं सम्माननीय मेरी बहनें और मातृशक्ति बैठेगी।

# पार्षद और वार्डवासियों की मेहनत रंग लाई

**राशन दुकान वापस पुरानी जगह आई, ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा, नहीं जाना होगा ज्यादा दूर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



न्यूटन वार्ड 6 और 7 के लोगों को अब राशन लेने के लिए डेढ़ किमी नहीं जाना होगा । अब वे पुराने स्थान से ही राशन ले सकेंगे । यहां के वार्ड वासियों और पार्षद की मेहनत लगभग 4 साल बाद रंग लाई , राशन दुकान वापस अपने स्थान पर आई ।

गौरतलब है कि न्यूटन वार्ड 6 और 7 के लोगों के लिए इसी क्षेत्र के टट्टा लाईन ग्राउंड के समीप राशन दुकान से राशन वितरण किया जाता था , लेकिन लगभग 4 साल पूर्व यहां से वितरण बंद कर वार्ड 5 न्यूटन बस स्टैंड परासिया रोड पर स्थित राशन दुकान से वितरण किया जाने लगा । जिससे दोनों वार्ड वासियों को लगभग डेढ़ किमी की दूरी तय कर राशन लाना मजबूरी बन गया । इस मामले में वार्ड 7 के पार्षद राहुल गढ़ेवाल राशन दुकान को यथावत करने शासन - प्रशासन से गुहार लगाते रहे । इनके साथ वार्ड 6 की पार्षद रेखा डेहरिया और दोनों वार्ड वासियों ने लगातार आवाज उठाई । सड़क पर धरना भी दिया । अभी एक माह पूर्व ही पार्षद राहुल गढ़ेवाल ने आमरण अनशन की चेतावनी दी थी । जिसके बाद कलेक्टर के आदेशानुसार दुकान यथावत की ग ई और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में पार्षद श्री गढ़वाल ने दुकान का फीता काटा । इस अवसर पर दुकान संचालक आशीष नीखरा भी मौजूद रहे ।

## चौरई पेंशनर्स समाज ने किया वार्षिक सम्मेलन, प्रबुद्धजन समाज को दिखाते है राहः पं रमेश दुबे

**चौरई ।** मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज चौरई द्वारा नगर के अन्नपूर्णा लॉन में आयोजित वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि विधायक सुजीत सिंह चौधरी , कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व विधायक पं रमेश दुबे विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र रघुवंशी व पेंशनर्स समाज जिलाध्यक्ष एसडीए तिवारी शामिल हुए ।अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री दुबे ने कहा कि प्रबुद्धजन समाज को राह दिखाते हैं पेंशनर्स समाज के लोग हमारे अभिभावक और गुरू है इनका मार्गदर्शन हमेशा लोगों को प्रेरित करता रहेगा ।विधायक श्री चौधरी समेत अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया ।कार्यक्रम के दौरान पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष एच एन शर्मा, ओपी सोनी व पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों व वरिष्ठ लोगों का शाल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया साथ ही अतिथियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया गया ।मंच संचालन कैलाश नारायण गौतम ने किया ।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य तीरथ ठाकुर, पार्षद अमित चौरसिया, नवीन मिश्रा, धीरज खंडेलवाल, वरिष्ठ नारायण चौरसिया, सीएल व्हटवार, एस के शर्मा, मूलचंद सोनी, अनूप राय, जे एल अहके, शिवशरण शर्मा, आर एस परिहार, पीएस मसराम, सी एल पूरेन, गजानंद शर्मा कमलेश शर्मा संजय शर्मा समेत अन्य तहसील पदाधिकारी सदस्य गण मौजूद रहे ।





## रंगोली प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, विद्यार्थियों ने लिया भाग

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत व्याख्यान माला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



नगर के शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास विभाग) छिन्दवाड़ा के निर्देशानुसार बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं एवं सुरक्षित मातृत्व अभियान अन्तर्गत व्याख्यान माला एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला बाल विकास पर्यवेक्षक बिन्दु माहोरे एवं सुनीता चंचल, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ताण्डेकर रहे कार्यक्रम अध्यक्ष महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ संगीता वाशिंगटन, एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ की उपस्थिति एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. कविता मुकाती के कुशल संचालन में आरंभ किया गया। अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं एवं सुरक्षित मातृत्व अभियान की संक्षिप्त जानकारी से अवगत कराया। तत्पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री माहोरे ने बाल विवाह से होने वाले असुरक्षित मातृत्व के दुष्परिणामों से अवगत कराया और सुरक्षित मातृत्व अभियान अन्तर्गत शासन की योजनाओं के लाभ को परिलक्षित किया। उद्बोधन श्रंखला में डॉ. रश्मि नागवंशी ने सुरक्षित मातृत्व हेतु परिवार का वातावरण शुद्ध सात्विक बनाने पर बल दिया साथ ही घरेलू हिंसा, नशा मुक्ति, दहेज पाबंदी पर अपने विचार प्रेषित किये। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. ताण्डेकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी का स्थान ऐतिहासिक काल से ही सम्माननीय रहा है। स्वयंवर प्रथा इसका स्वतंत्र उदाहरण है, जहाँ नारी का अपमान हुआ है वहाँ विराट महाभारत भी इसकी साक्षी है। देश की आधी आबादी को आज अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बधाई प्रेषित करता हूँ।

## नपा को नया बस स्टैंड दमुआ में पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था बनाना चाहिए

**दमुआ।** वैसे तो ग्रीष्म ऋतु का मौसम प्रारभ हो गया है गर्मी की इस तपन में लोगा का गला सूखने लगा है तथा बार बार प्यास लगती है इसलिए विशेषकर नया बस स्टेण्ड दमुआ में बाहर से आने जाने वाले यात्री जो बसो में सफर करते है तथा नया बस स्टेण्ड में कई बसे, आटो आते जाते है न.पा.प. दमुआ द्वारा उक्त बस स्टेण्ड में आने जाने वाले सभी वाहनो से टेक्स वसूला जाता है किन्तु यात्रियो के लिए शुद्ध पीने के पानी उचित व्यवस्था नही किये जाने से अक्सर यात्री पानी के लिए यहां वहां भटकते देखे गये है इतना ही नही पर्याप्त लाईट एवं साफ सफाई की उचित व्यवस्था नही होने के कारण भी यात्री परेशान होते है अतः न.पा.प दमुआ को इस ओर विशेष ध्यान देते हुए शीघ्र ही उक्त बस स्टेण्ड में शुद्ध पेय जल , पर्याप्त लाईट, साफ सफाई एवं रैन बसेरा की स्थाई व्यवस्था किया जाना चाहिए ताकि रात्रिकाल में दूर दराज से आने जाने वाले ग्रामीण लोग रैन बसेरा में ठहर सके।

## नीलेश का किया लिंगायत वाणी समाज ने सत्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

आस्था का केंद्र चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक) जामसावली का प्रबंध कार्यकारिणी का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ है।श्री चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली हनुमान लोक में वीरशैव लिंगायत वाणी समाज से निलेश आप्पा जुननकर कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।इसी उपलक्ष में निलेश जुननकर का वीरशैव लिंगायत वाणी समाज की ओर से आत्मीय स्वागत सत्कार किया गया।इस दौरान सत्कार समझ में प्रमुखता से नाना आप्पा ठोंबरे, उमाशंकर पोस्ते,अतुल जुननकर, भीमाशंकर तुपकर, शैलेश कापसे,पिंटू मानकर, बबलू उमाठे, अंकुश तुपकर, गोपू जगदंबे पुनीत पोस्ते, राजू तूपकर आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

## एसडीएम साहब! पानी की समस्या का समाधान कर दीजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



ग्राम पंचायत बिछुआ बग्गू में नल जल योजना की पानी टंकी कनेक्शन पाइप लिकीज होने के कारण हो रहे हजारों लीटर पानी की बर्बादी रोकने की मांग को लेकर ग्राम वासियों ने सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल को ज्ञापन सोते हुए तत्काल व्यवस्था बनाने की मांग की है। ज्ञापन सोपने आए ग्रामीणों ने बताया ग्राम बग्गू बिछुआ में जल-जिवन मिशन योजना अन्तगत पीएचई विभाग द्वारा पानी टंकी ओर पाईप लाईन नल कनेक्शन कार्य किया गया है। परंतु विभाग के द्वारा यह कम आधा अधूरा किया गया है जिसका भुगतान अब ग्रामीणों को चुकाना पड़ रहा है।विभाग द्वारा यह कार्य 4 माह पूर्व किया गया है। अभि वर्तमान में 8 दिन से पानी की टंकी में पानी नही जा रहा है। पंप से पानी टंकी नहीं जा रहा है। टंकी से लगा हुआ पाइप फूटा हुआ है। जिसमें ग्राम वासियों को पीने के पानी की समस्या हो रही है। ग्रामवासियों परेशान है।जिस ठेकेदार के द्वारा यह पूर्व में काम किया गया था उसको कई बार लीकेज कार्य पूर्ण करने को लेकर निवेदन और शिकायत की गई है बावजूद इसके ठेकेदार के द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है जिससे एक और जहां ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है वहीं दूसरी ओर हजारों लीटर हर दिन पानी बर्बाद हो रहा है। ज्ञापन सपने आए ग्रामीणों ने एसडीएम सिद्धार्थ पटेल से जल्द से जल्द व्यवस्था बनाने की मांग की है।

## होली-रमजान और रंग पंचमी को लेकर कड़ी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



सिंगोड़ी चौंकी पुलिस ने सिंगोड़ी में फ्लाइंग मार्च निकाला। पुलिस का मकसद होली, रंग पंचमी और रमजान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना है। चौंकी प्रभारी पंकज राय ने लोगों से होली शांतिपूर्वक मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस ने नागरिकों से सहयोग की मांग की है, जिससे सभी अपने सुरक्षित तरीके से त्योहार मना सकें।पुलिस ने कहा कि वे लोगों की सुरक्षा के लिए अपने परिवार से दूर ड्यूटी पर तैनात हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अपराधियों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने में मदद करें। होलिका दहन और रमजान एवं रंगपंचमी के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए पुलिस पूरी तरह से सतर्क है।पुलिस ने स्पष्ट किया कि उनका लक्ष्य है कि सभी समुदाय के लोग अपने-अपने त्योहारों को बिना किसी परेशानी के मना सकें। इसी उद्देश्य से गांव में फ्लाइंग मार्च का आयोजन किया गया है।

## दिनदहाड़े महिला से जेवर झपट कर ले उड़े चोर

**दमुआ।** एक गरीब महिला निर्मला सूर्यवंशी जो कि सब्जी भाजी की छोटी सी दुकान लगाती है और वह दमुआ नगर के वार्ड नं. 14 बेरियर क्षेत्र मे रहती है रोज की तरह उसने अपनी सब्जी भाजी की दुकान दमुआ बेरियर क्षेत्र मे लगाई थी कि अचानक दो व्यक्ति उसकी दुकान में आये और दुकान का समान लेकर उसके पैसे भी दिये मगर मै उन अज्ञात व्यक्ति को नही जानती हूं जिन्होने मेरी दुकान से समान लिया है बहुत देर तक दुकान के पास दोनो अज्ञात व्यक्ति खडे रहे और अपनी समस्या मुझे बताने लगे और मुझे कुछ समझा में नही आया कि ये लोग कौन है मुझे बुलाकर कहने लगे कि आगे की ओर चलो फिर बताते है ऐसा कहकर दोनो अज्ञात ऐसा कहकर दोनो व्यक्तियों ने मुझे आगे जाकर कहने लगे कि किसी को मत बताना तुम जल्द से अपना मंगलसूच और कान के टाप्स उतरकर हम को दे दो महिला द्वारा अपने जेवर भी उतारकर दे दिये उसके बाद भी महिला को कुछ समझ नही आया जैसे महिला बेसुद हो गई जबकि महिला को दोनो अज्ञात व्यक्तियों ने रूमाल मे गठान बांधकर रूमाल हाथ में दे दिया महिला ने सोचा कि मुझे मेरे ही जेवर बांधकर दे दिये और महिला अपने घर आ गई और दोनो अज्ञात व्यक्ति महिला के जेवर लेकर फरार हो गये जबकि महिला उन व्यक्तियो को जानती पहचानती तक नही है। इस तहर दोनो व्यक्ति महिला से जेवर लेकर फरार हो गये। ज्ञात हो कि उक्त घटना 05 मार्च दोपहर लगभग 03 बजे के आसपास की बताई जा रही है जिसकी महिला के द्वारा पुलिस थाना दमुआ में रिर्पोट भी दर्ज करा दी गई है। शहर में चैक चैराहे में लगे सी.सी.टी.वी कैमरे से घटना की फुटेज निकालकर उक्त घटना का पता दमुआ पुलिस द्वारा लगाया जा सकता है।

## आज अन्नाभाउ साठे मंगल भवन में महिला सम्मेलन का आयोजन

**सौंसर।** आज 9 मार्च रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर के अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में मुक्ता सालवे महिला मंडल सौसर साहित्यसम्राट अण्णाभाऊ साठे समिती सौसर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।आयोजक मंडल से मिली जानकारी के अनुसार अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की स्वतंत्रता महिला मुक्ती दीन सावित्रीबाई फुले, मुक्ता सालवे, राजमाता जिजाऊ माता रमाई, भिमाई, मदर टेरेसा, कल्पना चावला, श्रीमती इंदीरा गांधी आदि देश में सभी संधर्षशिल महानाईकाओं की याद में उनके सयुक्त जयंती पर महिलाओं का वैचारिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। रविवार, को संपन्न होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इन्द्रचन्द डागा करेगी।मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती प्रतिभा चौरे,श्रीमती दर्पणा मोहोड,श्रीमती गुंजन राठी,नपा सभापति मृणाली झाडे,निलिमा पाटील,नंदा भांगे,डॉ. श्वेता गजभिये,डॉ. प्रतिमा गजभिये,डॉ. श्रद्धा गायकवाड,डॉ.सोना शिववेदी,सुचिता काम्बले,भारती खडसे, किरण अम्बुलकर, सुनंदा तायवाडे, आदि रहेंगे। मुक्ता साल्वे महिला मंडल के पदाधिकारी के द्वारा आयोजन को लेकर जोर-जोर से तैयारीया की गई है।

## दमुआ के वार्ड नं. 11 नदी दफाई में नाली निर्माण किये जाने की मांग

**दमुआ।** नगर पालिका दमुआ के वार्ड नं. 11 नदी दफाई क्षेत्र में नाली निर्माण नही किया गया है जैसी समस्या से लोग जूझ रहे है। हालात यह है कि न.पा. दमुआ द्वारा वार्डवासियों की मूलभूत समस्या की ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। जिसके कारण रहवासी अच्छे खासे परेशान हो रहे है। पानी की निकासी हेतु नाली निर्माण किया जाना अति आवश्यक है किन्तु न.पा.प. दमुआ के जनप्रतिनिधि और संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस ओर किसी प्रकार से ध्यान नही दे रहे है जिससे गंदा पानी के कारण मच्छर मक्खी का प्रकोप बढ रहा है एवं बिमारियों का खतरा मंडरा रहा है उक्त संबंध में वार्डवासियों द्वारा कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से निवेदन किया गया किन्तु संबंधित अधिकारियों के कानो में जूं तक नही रेग रही है नाली का निर्माण कार्य अभी तक नही किया गया है। इतना ही नही सडक के किनारे नाली पर लगे पत्थर टूट गये जिससे आये दिन दुर्घटना होते रहती है। जनहित में टूटे पत्थर को बदलकर शीघ्र ही नाली का निर्माण किया जाना चाहिए।

## धान घोटाले में इओडब्ल्यू को जांच का दायरा बढ़ाना चाहिएः किशोर समरीते

# धान घोटाला करके मनेरी सोसायटी प्रबंधक ने जुटाई करोड़ों की संपत्ति

हरिभूमि न्यूज लांजी।





संयुक्त राष्ट्र क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशोर समरीते ने अपने जारी बयान में कहा की लांजी क्षेत्र में भी धान घोटाले में इओडब्ल्यू को जांच का दायरा बढ़ाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध अनुसंधान में इओडब्ल्यू के पास पूर्व से ही मध्यप्रदेश का चावल के कस्टम मिलिंग मामला लंबित है। जिसमें अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुनः इओडब्ल्यू को राज्य शासन ने मध्यप्रदेश में धान घोटाले की जांच सौंप दी है। इसमें भी कब एफआईआर होगी और कितने आरोपी पकड़े जाएंगे, यह गंभीर जांच का विषय है। इओडब्ल्यू को इस पूरे मामले में मध्यप्रदेश शासन के विपणन संघ से धान लेकर नागरिक आपूर्ति निगम को चांवल बनाकर देने की भी जांच करनी चाहिए। पिछले 2008 से विपणन संघ और म.प्र. शासन के आपूर्ति निगम के बीच धान लेने और चांवल देने की आडिट ही नहीं किया गया। राज्य शासन को महालेखाकार से आडिट करवाकर आडिट रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए थी। साथ ही लांजी के कस्टम मिलिंग में शामिल मिलर्सों को कितना धान दिया गया और कितना चावल मिलर्सो ने जमा किया। मिलर्सों के द्वारा मिलिंग के दौरान कितना बिजली बिल जमा किया तथा धान से निकलने वाले धान के छिलके से कितना लाभ हुआ जो इनके द्वारा आयकर विभाग को अपना वितरण दिया जा रहा है जिसकी जांच भी इओडब्ल्यू को करना चाहिए। वहीं लांजी क्षेत्र की सभी मिलों की तलाशी इओडब्ल्यू को करना चाहिए।

धान खरीदी में जितने स्लॉट किसानों ने बुक कराए और धान बिक्री किये इसकी जांच के अलावा सोसायटी में जो स्लॉट किसानों के रिजेक्ट किये गये उसकी भी जांच होनी चाहिए और रिजेक्ट स्लॉटो में पुनः धान सोसायटियों ने खरीदा। यह खरीदा गया धान व्यापारी का था या किसानों का इसकी भी जांच होना चाहिए। म.प्र. के धान उत्पादक जिलों की सीमा में स्थित अन्य राज्यों के किसानों से खरीदे गए धान की भी जांच होनी चाहिए। लांजी तहसील अंतर्गत आने वाले कारंजा, बहेला, मोहझरी, मनेरी, बोलेगांव, कलपाथरी, कुम्हारीखुर्द, कुम्हारीकला, साडरा, घोटी, मिरिया, चिखली, रानककोड़ी, किन्हीं, किरनापुर एवं लांजी नगर में स्थित इन सभी सोसायटियों को भी जांच में शामिल किया जाना चाहिए। इन सोसायटियों के प्रबंधकों के पास एक करोड़ से लेकर पांच करोड़ तक की संपत्ति है। जांच की शुरूआत लांजी तहसील के ग्राम मनेरी की सोसायटी से की जानी चाहिए। जहां प्रबंधक ने अपने परिजनों के नाम से दो बसें एवं दो से तीन चार पहिया वाहन दर्ज है जो की इस सहकारी संस्था में धान घोटाले का बड़ा प्रमाण है।

## डॉ जयश्री नीरज अरोरा किशोर न्याय बोर्ड में सदस्य मनोनीत पदभार ग्रहण किया

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश शासन राजपत्र दिनांक 28 फरवरी 2025 में क्रमांक 253/265/26/2025/50.2 के अनुसार डॉ जयश्री नीरज अरोरा को शासन द्वारा किशोर न्याय बोर्ड सदस्य मनोनीत किया गया है। डॉ जयश्री अरोरा द्वारा किशोर न्याय बोर्ड में 3 मार्च 2025 को पदभार ग्रहण कर लिया गया है। उल्लेखनीय हैं कि 18 वर्ष से कम आयु के विधि बाधित बच्चों हेतु किशोर न्याय बोर्ड एकमात्र न्यायिक संस्था है। इस संस्था में विधि बाधित बच्चों से संबंधित सभी प्रकरणों की सुनवाई एवं निर्णय दिया जाता है। दंड प्रक्रिया संहिता 1973 ,1974 का 2 के अनुसार प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की गई है।



## वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत हुई संपन्न



### लंबित प्रकरणों का हुआ निराकरण 111 लोगों को मिला लाभ, 988696 रुपए की हुई वसूली

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

शनिवार 08 मार्च को इस वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया. सुबह करीब साढ़े 10 बजे न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सुधा पाण्डेय और श्रीमती नेहा ठाकुर ने अधिवक्तागणों, न्यायालयीन कर्मचारियों और तमाम विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिती में मां सरस्वती के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया. शाम 05 बजे न्यायालय ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि व्यवहार न्यायालय कटंगी में पहली नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के लिए दो खण्डपीट बनाएं गए थे. जहां आपराधिक और घरेलू हिंसा से संबंधित राजीनामा योग्य लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया. जिसमें कुल 111 लोग लाभान्वित हुए है. वहीं वसूली के प्रकरणों का निराकरण कर कुल 9 लाख 88 हजार 696 रुपए की वसूली की गई है।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट प्रणेश कुमार प्राण और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट सतीश शर्मा के निर्देशन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय कटंगी में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया था. नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरणों के लिए 02 खंडपीठ का गठन किया गया था. सुश्री सुधा पाण्डेय न्यायिक मजिस्ट्रेट की खंडपीठ ने न्यायालय में लंबित 16 आपराधिक प्रकरणों का निराकरण किया. जिसमें 48 लोग लाभान्वित हुए. धारा 125 और धारा 12 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम में 05 लंबित प्रकरणों का निराकरण कर 453,000 रुपये की राशि में राजीनामा हुआ जिसमें 13 लोग लाभान्वित हुए।

## नेशनल लोक अदालत में 144 प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज लांजी।



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर ध्मुख्य संरक्षण, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की अध्यक्षता में दिनांक 08 मार्च को प्रातः 10 बजे नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन वर्चुवल मोड के माध्यम से आयोजित किया गया। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा माननीय प्राणेश कुमार प्राण प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष महोदय जिला न्यायालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट एवं सतीश शर्मा न्यायाधीश/ सचिव महोदय के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ खंडए लांजी में दिनांक 08 मार्च 2025 शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्तागण, बैंक कर्मचारीगण एवं अन्य विभाग के कर्मचारी, न्यायालयीन कर्मचारीगण, पक्षकार तथा तहसील विधिक सेवा समिति लांजी के पैरालीगल वालेंटियर उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत की तहसील न्यायालय लांजी की धर्मेन्द्र नागवंशी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की खण्डपीठ क0 18 के द्वारा न्यायालय के लंबित राजीनामा योग्य कुल 260 प्रकरण रैफर किये गये, जिसमें से 17 प्रकरणों का सफ लतापूर्वक निराकरण करते हुए कुल राशि रू. 200000(दो लाख रूपये मात्र) के अवार्ड पारित किये गये। बैंक, नगरपालिका एवं अन्य विभाग के प्रीलिटिगेशन के कुल 615 प्रकरण रखे गयेए जिसमें से कुल 127 प्रकरणों का निराकरण करते हुए राशि रू.1084209/- दस लाख चौरासी हजार दो सौ नौ रूपये मात्र के अवार्ड पारित किये गये।

## पुरूषों ही नहीं महिलाओं द्वारा भी महिलाओं का शोषण किया जाता है-डॉ सरिता कोल्हेकर

# शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया महिला दिवस



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 हेमंत मण्डाले के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्रीमती मौसम बिसेन भाजपा जिला महामंत्री एवं अध्यक्ष जनभागीदारी सदस्य पी0 एम श्री एक्सीलेंस कॉलेज बालाघाट, कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि श्रीमती गीता हनवत सदस्य जिला पंचायत बालाघाट, सुश्री मनीषा जायसवाल जनभागीदारी सदस्य शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी उपस्थित रहें।

महाविद्यालय वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 सरिता कोल्हेकर विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, डॉ0 मिथिलेश्वरी घोरमारे विभागाध्यक्ष गणित एवं कार्यक्रम संयोजक, डॉ0 रक्षा निकोसे विभागाध्यक्ष हिन्दी साहित्य, डॉ0 पूर्णिमा कुमरे विभागाध्यक्ष वाणिज्य, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती सरिता नांगवंशी सहायक प्राध्यापक एवं समिति के सदस्य श्रीमती सविता सेनवार सहायक प्राध्यापक, श्रीमती नंदिनी टेम्भरे, श्रीमती हर्षिता मेश्राम, श्रीमती शिल्पा वासनिक, श्रीमती रश्मिबाला पारधी एवं समस्त प्राध्यापक साथी उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती बिसेन द्वारा बालाघाट जिले के लिगांनुपात पर चर्चा करते हुए कहा गया कि हमे बालाघाट जिले पर गर्व है, क्योकि इसमें पुरूषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि महिलाऐं सभी क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रही है।


विशिष्ट अतिथि श्रीमती गीता हनवत द्वारा नारी की स्वंत्रतता, समानता पर बल देते हुए उनके प्रत्येक अधिकारों पर बल दिया गया। विशिष्ठ अतिथि सुश्री मनीषा जायसवाल ने महिलाओं को लेकर अपने व्यक्तिगत अनुभवों को सांझा किया।

वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ0 सरिता कोल्हेकर द्वारा कहा गया कि न केवल पुरूषों के द्वारा ही महिलाओं का शोषण किया जाता है, बल्कि महिलाओं के द्वारा भी महिलाओं का शोषण किया जाता है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 मिथिलेश्वरी घोरमारे द्वारा कहा गया कि इस कार्यक्रम में महिलाओं के साथ-साथ पुरूषों की भागीदारी होना चाहिए। बेटियों की शिक्षा पर जोर दिया गया, क्योकि बेटियों की उन्नति से ही परिवार, समाज और राष्ट्र की उन्नति मापी जा सकती है।

## सी एम राइज स्कूल वारासिवनी में एनसीसी केडेट्स द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**वारासिवनी।** 6 एमपी आई सीओवाय एनसीसी बटालियन बालाघाट टूप न 278 वारासिवनी में कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के मार्गदर्शन तथा संस्था प्रमुख हुमराज पटले के तत्वावधान में 8 मार्च 2025 दिन शनिवार को एन सी सी अधिकारी श्रीमती अन्नू राहंगडाले एवम् एन सी सी केडेट्स द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें संस्था शिक्षक बी डी मर्सकोले, लखन रिणायत, कमल टेम्भरे एवम् शिक्षिकाऍ श्रीमती वंदना शर्मा, श्रीमती श्यामकल वडिचार, श्रीमती उषा चौबे, श्रीमती देवश्री चौधरी, सुश्री सपना रूसिया, श्रीमती सोमेस्वरी डोंगरे, श्रीमती वर्षा तिवारी तथा एन सी सी केडेट्स कुमारी संस्कृति पौनेकार, लाजनी बघेले, धैर्य ठाकुर, उज्ज्वल बरमाते, अनुभव खैरवार आदि एन सी सी केडेट्स द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कविता, भाषण, पोस्टर के माध्यम से महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समस्त स्टॉफ का तारीफे काबिल योगदान रहा।










# अवैध अतिक्रमण पर हुई ताबड़तोड़ कार्यवाही, 14 टीम ने ध्वस्त कराया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले में ज्यारत नाका से जोड़ों पुल तक सडक़ चौड़ीकरण के कार्य को लेकर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। नगर प्रशासन ने इस मार्ग पर सडक़ के दोनों ओर निशानदेही कर दी है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि किन मकानों और दुकानों को हटाया जाएगा। प्रशासन का यह कदम शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और नागरिकों की सुविधा बढ़ाने के लिए उठाया गया है।

नगर पालिका और जिला प्रशासन की टीमों ने सडक़ किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत न केवल नि दुकानों और मकानों को हटाया जा रहा है बल्कि सरकारी भूमि पर बने अवैध निर्माणों को भी हटाया जा रहा है।

शनिवार को नगरपालिका कर्मचारियों ने सर्किट हाउस चौराहा से अंबेडकर प्रतिमा स्थल तक बने जालीदार फुटपाथ को स्वयं हटा दिया। इसके अलावा, प्रशासन ने उन सभी स्थानों को चिन्हित किया है जहां अतिक्रमण किया गया है।

नगर प्रशासन सिर्फ आम जनता के अतिक्रमण को ही नहीं बल्कि शासकीय भूमि पर बने अवैध निर्माणों को भी तोड़ रहा है। यह निर्णय सभी के लिए समान रूप से लागू किया गया है ताकि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान स्थानीय व्यापारियों और मकान मालिकों ने मिश्रित प्रतिक्रियाएं दी हैं। कुछ लोगों ने प्रशासन के इस निर्णय का समर्थन किया, जबकि कुछ ने इसे अनुचित करार दिया। व्यापारियों का कहना है कि वे वर्षों से अपने प्रतिष्ठान चला रहे थे और अचानक अतिक्रमण हटाने से उन्हें भारी नुकसान हो रहा है।हालांकि, प्रशासन का कहना है कि सभी को पहले ही सूचना दी जा चुकी थी और उनके पास अपने निर्माण को हटाने के लिए पर्याप्त समय था। जिला मुख्यालय के ज्यारत नाका से जोड़ों पुल तक सडक़ चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तेज हो गई है।इसी के चलते नगरीय प्रशासन ने सडक़ के दोनों तरफ मार्किंग कर दिया है। ऐसे में जो मकान - दुकान अतिक्रमण के दायरे में हैं, उन कब्जा धारियों के कब्जे हटाए जा रहे हैं।

## सरकारी निर्माण भी तोड़े

शहर के मुख्य मार्ग को चोडीकारण करने के लिए आमजनों के अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं,बल्कि शासकीय जमीन पर खड़े निर्माण कार्यों को भी हटाया जा रहा है।शनिवार को नगर पालिका के कर्मचारियों ने सर्किट हाउस चौराहा से अंबेडकर प्रतिमा स्थल तक पूर्व में किए गए सुंदरीकरण जाली फुटपाथ को स्वयं हटा दिया है। इसी तरह से कई और जहां-जहां चूने की लाइन खींची गई है उसके दायरे में आए निर्माण कार्य पर लगे वोट आदि स्वयं जाता ये जा रहे।



## मंत्री प्रहलाद पटेल का कांग्रेसी नेताओं ने जलाया पुतला




### मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के भीख वाले बयान के खिलाफ शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक पर कार्यकर्ताओं ने मंत्री का पुतला दहन किया।

## डूण्डासिवनी पुलिस ने हत्या का फरार आरोपी को हरियाणा से धर दबोचा

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के द्वारा युवक की हत्या कर घटना दिनांक से फरार आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डी शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति पूजा पांडे के नेतृत्व मे थाना प्रभारी डूंडासिवनी किशोर वामनकर द्वारा टीम गठित कर हत्या फर घटना दिनांक से फरार आरोपियो को गिरफ्तार करने मे मिली बडी सफलता ।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

थाना डूण्डासिवनी मे दिनांक 26/12/2024 को रात्री 09.15 बजे को मृतक मनीष सनोडिया पिता राजेश सनोडिया उम्र 27 साल निवासी मुंगवानी थाना बंडोल के साथ मारपीट कर गले मे चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी जिसका एक आरोपी सागर वर्मा को घटना के बाद गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया गया था घटना दिनांक से ही आरोपी हरि कुंजाम पिता महेश कुंजाम उम्र 21 साल निवासी गौण्डी मोहल्ला कबीर वार्ड डूण्डासिवनी एवं निलेश वंशकार उर्फ कल्लू पिता संतोष वंशाकार उम्र 21 साल निवासी गौण्डी मोहल्ला कबीर वार्ड थाना डूण्डासिवनी फरार थे जिनकी थाना डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा तलाश पातासा की जा रही थी आरोपियो के द्वारा मारपीट कर हत्या की गई है आरोपियो के सकुनत से फरार होने से तलाश हेतु टीम गठित कर रवाना किया जो टीम द्वारा फरार आरोपियो को हरियाणा राज्य के गुरूग्राम से थाना डूण्डासिवनी ने पुलिस ने गिरफ्तार कर लाया गया। गिरफ्तार आरोपी हरि कुंजाम पिता महेश कुंजाम उम्र 21 साल निवासी गौण्डी मोहल्ला कबीर वार्ड डूण्डासिवनी जिला सिवनी, निलेश वंशकार उर्फ कल्लू पिता संतोष वंशाकार उम्र 21 साल निवासी गौण्डी मोहल्ला कबीर वार्ड थाना डूण्डासिवनी। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक किशोर वामनकर, उनि मनोज जंघेला, प्र. आर. शेखर बघेल, मुकेश गौंडाने, आरक्षक विवेक बाथरे सीताराम जावरे, अंशुमन राजपूत एवं सायवर सेल से सउनि देवेन्द्र जैसवाल शामिल रहे।



## खबर संक्षेप

### मोटर सायकल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सिवनी। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी . डी. शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम द्वारा थाना क्षेत्र मे तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। प्रार्थी दिनेश पिता पेश्या अडमाचे 40 वर्ष निवासी बकोडी थाना बंडोल ने रिपोर्ट लेख कराया कि इसके घर के सामने मोटर सायकल क्रमांक एमपी-22-एमएच-5181 रखा था जिसको कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द अप.क्र. 122/25 धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंबध्द किया जाकर विवेचना मे लिया गया। विवेचना दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही कबीर पिता सेवकराम उईके 23 वर्ष निवासी जुझारपुर थाना बंडोल से सख्ती से पूछताछ की गई जिसने घटना मोटर सायकल होण्डा कंपनी की चोरी करना तथा सूनसान घर पर छिपाना स्वीकार किया है, आरोपी कबीर उईके से चोरी की गई मोटर सायकल होण्डा कंपनी की कीमती 40000 रूपये के जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया है, व आरोपी के विरूध्द विधि अनुसार कार्यवाही की गई है।



### शासकीय आईटीआई में कम्प्यूटर क्षेत्र में जनजागृति एवं विद्यार्थियों को मोटिवेट करने सेमीनार का किया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गत दिवस सिवनी के शासकीय आई टी आई में कंप्यूटर क्षेत्र में जनजागृति एवं विद्यार्थियों को मोटिवेट करने संस्था के प्राचार्य डी के ठाकुर सहित स्टाफ ने एक सेमिनार का आयोजन किया गया। उक्त सेमिनार में टेक नियस एकेडमी की डायरेक्टर आफरीन खान के द्वारा कंप्यूटर अवेयरनेस और कम्प्यूटर फील्ड के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि आप वर्तमान और भविष्य में कंप्यूटर युग में है जिसमें आप किस तरह काम कर सकते है और कम्प्यूटर के क्षेत्र में काम करते हुए किस तरह आगे बढ़ सकते है। आफरीन खान ने इसके अलावा कंप्यूटर क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को लेकर भी चर्चा गई। उक्त आयोजन में आईटीआई के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## अमृता ने पास की सेट 2024 परीक्षा



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी की छात्रा अमृता काठोले ने सहायक प्राध्यापक हेतु सेट परीक्षा 2024 उत्तीर्ण किया।अमृता काठोले समाजशास्त्र विषय की छात्रा है। अपनी इस उपलब्धि पर उन्होंने महाविद्यालय के समाजशास्त्र के प्राध्यापक नरेंद्र भीमटे के विशेष मार्गदर्शन का योगदान बताया,जिन्होंने उसे समय-समय पर प्रोत्साहित व परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता एवं प्राध्यापकगणो को दिया द्य उनकी इस सफलता पर महाविद्यालय के समाजशास्त्र के प्राध्यापक पंकज शेंडे एवं श्रीमती लक्ष्मी मेश्राम द्वारा बधाई दी गई द्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अमिता पटेल द्वारा उनके उज्जवल भविष्य, सफल वन एवं भविष्य में सहायक प्राध्यापक बनने के लिए शुभकामनाएं दी गयी।

## वृध्द के साथ केसीसी के नाम से हुई घोखाधडी, थाना केवलारी मे की शिकायत

केवलारी थाना केवलारी के अन्तर्गत आने वाले ग्राम जोहरी टोला सुकतरा निवासी अतरलाल उड़के ने आज दिन शनिवार की दोपहर 2 बजे करीब थाना केवलारी आकर लिखित शिकायत दर्ज करायी कि मुझे लोक अदालत केवलारी से नोटिस प्राप्त हुई जिसमें लेख किया गया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्रा खैररांजी से केसीसी लोन का 135820 /- बकाया है। प्रार्थी ने बताया कि मैं अनपढ हूं लिखना पढना नहीं जानता मात्र हस्ताक्षर अंगूठा करता हूं । आरोप लगार्यों कि चार साल पहले मेरे ग्राम के ही व्यक्ति वीरसिंग परते ने मुझे गुमराह कर, गेहू के पंजीयन कराना कहते हुए, बैंक ऑफ महाराष्ट्रा खैररांजी ले गया था, और तात्कालीन बैंक कर्मचारी ने मेरे हस्ताक्षर अंगूठा कोरे फार्मों में लिया था और दो तीन बार कहा था कि तुम्हारे खाते में गेहू के पैसे आये, मेरे अगूठा लगाकर पैसे निकलाये तथा बैंक पास बुक दूसरों से दिखा तो पता चला कि वीरसिंग परते एवं उसके भाई के बचत खाते में के बचत खाते से रूपये पैसे ट्रांसफर किये गये है। मेरे साथ वीरसिंग परते एवं तात्कालीन बैंक कर्मचारीयो ने धोखाधड़ी की है आज अपने पुत्र के साथ आकर थाना केवलारी में लिखित शिकायत दर्ज करायी है ।




### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जिलें की 270586 लाड़ली बहनों के बैंक खाते में पहुँची

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित हुए राज्यस्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहन योजना की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में माह मार्च की किश्त 1552.73 करोड़ रुपए एवं 26 लाख बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग राशि 55.95 करोड़ रुपए अंतरित की। योजना अंतर्गत सिवनी जिले की 270586 महिला हितग्राहियों के खाते में 33.25 करोड़ की राशि प्राप्त हुई।

इसी परिपेक्ष्य में जिलास्तरीय कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित स्मृति लॉन बारापत्थर सिवनी में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी नवजीवन विजय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अभिजीत पचौरी, सहायक संचालक श्री राजेश लिल्हारे,परियोजना अधिकारी श्री देवेन्द्र यादव , श्री शशांक शेखर सिंह ठाकुर, प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती कविता दुबे सहित विभागीय पर्यवेक्षक, ऑगनवाडी कार्यकर्ता सहायिका किशोरी बालिकाएँ सहित लगभग 500 नागरिक उपस्थित रहें। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने उपस्थित महिलाओं को सशक्त बनने की प्रेरणा दी गई।श्रीमति मीना बिसेन द्वारा महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु जागरूकता होने के लिये उत्साहित किया गया। श्री अभिजीत पचौरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आयोजित कार्यक्रम की रुपरेखा एवं विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। श्री पचौरी द्वारा महिलाओं का जीवन में महत्व की विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यकम में उपस्थित लाडली लक्ष्मी की हितग्राहियों को आश्वासन प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में जिले के आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण प्रदर्शनी लगाई गई थी, जो आकर्षण का केन्द्र रही। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं 500 प्रतिभागियों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यकम के सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया।



### जनपद सदस्यों ने न्यायालय की शरण में जाने की दी चेतावनी

# विधायक के दबाव में काम कर रहे कलेक्टर

## अविश्वास प्रस्ताव की तारीख नहीं दे रहे कलेक्टर





हरिभूमि न्यूज कटंगी।

जिले के सबसे बड़े प्रशासनिक अधिकारी कलेक्टर मृणाल मीणा कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी के दबाव में काम कर रहे है. यह आरोप जनपद पंचायत कटंगी के जनपद सदस्यों ने लगाया है. उपाध्यक्ष और जनपद सदस्यों ने शनिवार की शाम 05 बजे स्थानीय विश्राम गृह में पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह आरोप लगाया है. दरअसल, पूरा मामला जनपद पंचायत कटंगी अध्यक्ष कविता देशमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव से जुड़ा हुआ है. उपाध्यक्ष सहित कुल 20 जनपद सदस्यों ने गत माह 21 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय में म.प्र. पंचायती राज अधिनियम के तहत मय शपथपत्र के साथ अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कलेक्टर को आवेदन किया था. जिसके बाद कलेक्टर ने आज तक जनपद सदस्यों को तारीख नहीं दी है. जिससे जनपद सदस्यों में भयंकर आक्रोश है. जनपद सदस्यों ने बताया कि चार दिन पहले उन्होंने फिर कलेक्टर से इसी संबंध में मुलाकात की और शुक्रवार को भी कलेक्टर से मिले लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया है. पत्रकारों से चर्चा करते हुए जनपद सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि जनपद अध्यक्ष पति अरविंद देशमुख जनपद सदस्यों की खरीद-फरोख्त करने में लग गए है. वह जनपद सदस्यों को पैसों का लालच देकर उन्हें खरीदने की कोशिश कर रहे है. जनपद सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि बीते दिनों अध्यक्ष पति ने कुछ जनपद सदस्यों को जनपद के द्वारा विकास कार्यों की कार्य योजना तैयार की जा रही है. इस तरह गुमराह कर एक कागज में हस्ताक्षर करवा लिया और इस हस्ताक्षर के आधार पर अविश्वास प्रस्ताव के विरुद्ध एक आवेदन बनाकर कलेक्टर कार्यालय में जमा करवाया है।

### न्यायालय की शरण लेगें- भानुसिंह पटले उपाध्यक्ष

जनपद उपाध्यक्ष भानुसिंह पटले ने बताया कि 21 फरवरी को कलेक्टर के पास आवेदन देने के इतने दिनों बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो 04 दिन पहले पुनः एक आवेदन दिया गया. वहीं शुक्रवार को साथी जनपद सदस्यों ने कलेक्टर से मुलाकात की. उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत अध्यक्ष कविता देशमुख ने भाजपा ज्वाईन की है. इसीलिए विधायक का अध्यक्ष को संरक्षण प्राप्त है और कलेक्टर विधायक के दबाव में काम कर रहे है. उन्होंने कहा कि अगर कलेक्टर तारीख नहीं देते तो न्यायालय की शरण में जाएगें. 20 जनपद सदस्यों ने 21 फरवरी को आवेदन किया था. उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पति ने बीते दिनों 06 जनपद सदस्यों को गुमराह कर एक कागज में हस्ताक्षर करवा लिया. जिसमें आज 02 जनपद सदस्य इस वार्ता में शामिल है. कलेक्टर ने शुक्रवार को हुई मुलाकात में कहा है कि आपका आवेदन प्राप्त हो चुका है बार-बार आवेदन देने की आवश्यकता नहीं है।

### जनपद सदस्यों को खरीदने की हो रही कोशिश-सुखचंद पटले

जनपद सदस्य सुखचंद पटले ने बताया कि अध्यक्ष पति अरविंद देशमुख ने जनपद सदस्यों को गुमराह कर कार्य योजना के नाम एक कागज में हस्ताक्षर करवाकर कलेक्टर कार्यालय में पहुंचाया था. जैसे ही यह जानकारी सामने आई उन सभी जनपद सदस्यों ने फिर से शपथ पत्र के साथ शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दिया है. 20 जनपद सदस्यों ने एक मत होकर अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी की है और इस फैसले पर सभी अडिग है. कलेक्टर की कार्रवाई से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह विधायक के दबाव में कार्य कर रहे है. कलेक्टर कार्रवाई नहीं करते तो हम न्यायालय में जाएगें. अध्यक्ष पति जनपद सदस्यों को पैसों का प्रलोभन दे रहे है और कुछ लोगों को दिया गया है जल्द ही इस बात का खुलासा भी किया जाएगा. उन्होंने कहा कि अध्यक्ष पति 25 हजार से 50 हजार रुपए तक दे रहे है।

### गुमराह कर ली गई हस्ताक्षर- छबीलता वाहने

महिला जनपद सदस्य राजकुमारी राउत और छबीलता वाहने ने बताया कि बीते दिनों अध्यक्ष पति उनके घर आए और उन्होंने विकास कार्यों की कार्य योजना तैयार की जा रही है ऐसा बोलकर एक कागज में हस्ताक्षर करवा ली. वह शाम के वक्त आए थे और जिस दस्तावेज में हस्ताक्षर करवाएं गए उसे पढ़ने का मौका तक नहीं दिया गया. दूसरे दिन पता चला कि अध्यक्ष के पति ने हमारे हस्ताक्षर का कागज कलेक्टर कार्यालय में अविश्वास प्रस्ताव के विरुद्ध में प्रस्तुत किया है. अध्यक्ष के खिलाफ हर हाल में अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा।

### विधायक ने भी बनाया दबाव- अजीत बिसेन

जनपद सदस्य अजीत बिसेन ने बताया कि अध्यक्ष पति जनपद सदस्यों को खरीदने की कोशिश कर रहे है. लेकिन कोई बिकने वाला नहीं है सभी जनपद सदस्यों ने एक राय होकर पहले ही निर्णय लिया है कि अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा और हम आज भी इस फैसले पर अटल है. विधायक और मौजूदा सत्ता के दबाव में कलेक्टर काम रहे है. विधायक ने बीते दिनों तमाम जनपद सदस्यों को अपने आवास में बुलाया और दबाव बनाने की कोशिश की थी कि वह अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ना लाए लेकिन हम सभी अध्यक्ष और उनके पति की कार्यशैली से नाराज है इसीलिए अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा।

### स्कूटी की डिक्की में मिला 2 लाख का गांजा जब्त

## गांजा तस्करी करते महाराष्ट्र का युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट कोतवाली पुलिस ने शनिवार को महाराष्ट्र के भंडारा जिले के चिखला माईंस निवासी सावन नैपाल मेश्राम को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने बताया कि पुलिस टीम ने पॉवर हाउस रोड पर एक निर्माणाधीन मकान के पास संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिक्की से 10.10 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे की कीमत लगभग 2 लाख रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। गांजे के साथ वाहन भी जब्त किया गया है। कुल बरामदगी की कीमत 3 लाख रुपए है। पुलिस आरोपी से गांजे के स्रोत के बारे में पूछताछ कर रही है।

इस कार्रवाई में उप-निरीक्षक दीपक त्रिपाठी, प्रदीपसिंह बघेल, दीपसिंह परमार, प्रधान आरक्षक राहुल गौतम, आरक्षक अंकुर गौतम, शेख शहजाद, सुरेन्द्र अड़मे सहित थाना स्टाफ शामिल था।

### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम 6 मप्र बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल वी के गुप्ता के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य पीके चंदेलकर के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रेजेंटेशन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं विशिष्ट व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत सीएसपी बालाघाट वैशाली सिंह एवं गाइनेकोलॉजिस्ट प्रतिमा खोबरागडे के द्वारा छात्र-छात्राओं को महिलाओं के स्वास्थ्य ,आत्म सम्मान एवं संरक्षण के लिए प्रेरणादाई उद्बोधन दिया गया।

## महिलाओं ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



### रेंजर कॉलेज के जबलपुर ट्रांसफर का विरोध, कहा- ये जिले में ही रहे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के ऐतिहासिक रेंजर कॉलेज को बचाने की मांग तेज हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सर्वसमाज की महिलाओं ने सांसद भारती पारधी से मुलाकात की। उन्होंने कॉलेज के जबलपुर स्थानांतरण का विरोध किया।

रेंजर कॉलेज की स्थापना 1907 में अंग्रेजी शासनकाल में की गई थी। 1979 से यहां रेंजरों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। लेकिन 2014 में अंतिम बैच के बाद से प्रशिक्षण बंद है। स्टाफ की कमी और आवागमन की समस्या इसकी मुख्य वजह है।

### रेंजर कॉलेज को बताया जिले की पहचान

महिला प्रतिनिधि मीना चावड़ा ने कहा कि रेंजर कॉलेज जिले की पहचान है। इसके ट्रांसफर से हर कोई दुखी है। उन्होंने मांग की कि कॉलेज को जिले में ही रखा जाए और प्रशिक्षण फिर से शुरू किया जाए।

### आचार्य का प्रशिक्षण वर्ग 05 मार्च से 10 मार्च तक



हरिभूमि न्यूज बिरसा।

एकल अभियान के अंतर्गत एकल विद्यालय के आचार्य का प्रशिक्षण वर्ग 05 मार्च से 10 मार्च तक सामुदायिक भवन तहसील ऑफिस के सामने बिरसा में आयोजित किया गया है। उद्घाटन सत्र में नरेंद्र रोहित भैरम जिला कार्यवाहक, सुनील जी जिला प्रचारक , शसहबू सिंह मरावी संरक्षक एकल विद्यालय, जय श्रीवास संयोजक एकल विद्यालय, सच समिति बिरसा मानसिंह मेरावी नगरपालिका अध्यक्ष मोहगांव, श्रीमती मीना रहांगडाले, राम प्रसाद राहंगडाले अभियान प्रमुख, पुशुराम पंच तिलक, संच बिठली संजय यादव, संच बिरसा सहदेव मरकाम संच पांडूतला अजय तिल्लासी संच साले टेकरी पुष्पा धुवे संच गढ़ी एवं सभी संच की आचार्य उपस्थित थे।

# मंत्री पटेल के खिलाफ प्रदर्शन, जनता को भिखारी वाले बयान पर भड़के कांग्रेस कार्यकर्ता, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता को भिखारी कहने के बयान पर विवाद गहरा गया है। कांग्रेस ने इस बयान के विरोध में जिला स्तर पर आंदोलन किया।

बालाघाट में शनिवार को काली पुतली चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान तहसीलदार भूपेंद्र अहिरवार को ज्ञापन सौंपा गया।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष और विधायक संजय उईके ने कहा कि भाजपा ने चुनाव में किए गए वादों को पूरा नहीं किया। जब जनता इन वादों की याद दिला रही है, तो मंत्री उनकी मांगों को भिक्षा बता रहे हैं।

विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को भाषा की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने मंत्री से बयान वापस लेने और जनता से माफी मांगने की मांग की। विधायक विवेक पटेल ने कहा कि जनता अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों से काम करवाने की आस रखती है। ऐसे में कैबिनेट मंत्री का जनता को भिखारी कहना दुखद है। हालांकि, जिले में कांग्रेस का यह आंदोलन कमजोर रहा। चार विधायकों में से केवल मधु भगत ही कार्यक्रम में शामिल हुए।

आंदोलन में कांग्रेस के जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार, भीम फुलसुंघे, कैलाश साहु, रहीम खान और शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपनी बात रखी।



### प्राकृतिक आपदा से घटित घटना पश्चात आर्थिक सहायता हुई स्वीकृत

**बालाघाट।** एसडीएम कटंगी श्री एमआर धुर्वे ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6/4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा अंतर्गत आकस्मिक रूप से हुई मृत्यु पर आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। 06 फरवरी 25 को कटंगी तहसील के ग्राम पथरवाड़ा निवासी अरुण साधेलाल नाई की तालाब के पानी मे डूबने से मृत्यु हो गई थी। जिसके उपरांत मृतक की माता श्रीमती विमलाबाई नाई को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# आयोग मित्र फिरोज खान को मिलेगा सनसाईन इंटरनेशनल वूमन अवार्ड

### जयपुर में महावीर इंटरनेशनल के गोल्डन जुबली आयोजन में किया जाएगा सम्मानित, ऑनलाईन मीट में सामाजिक बदलाव में किए गए कार्यो पर किया गया चुनाव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले के आयोग मित्र और पूर्व में कई पुरस्कारों से सम्मानित हो चुकी, आयोग मित्र फिरोजा खान, को आगामी जुलाई में महावीर इंटरनेशनल, जयपुर में अपने आयोजित गोल्डन जुबली समारोह में सनसाईन इंटरनेशनल वूमन अवार्ड से सम्मानित करेगा।

दरअसल, महावीर इंटरनेशनल जयपुर की ऑनलाईन मीट का आयोजन 07 मार्च शुक्रवार को किया गया था। जिसमें सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं से नेशनल ब्रांड एम्बेसेडर ऑफ वूमन इम्पावरमेंट सिफी जौहरी, सुमन प्रवीण बछावत, डॉ. निर्मला जोशी और यूक्रेन की प्रतिनिधि अन्ना पोनेल मार्को ने, देश के अलग-अलग राज्यों दिल्ली, गुजरात, राजस्थान और मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यो में समाज में बदलाव को लेकर किए गए सामाजिक महिला कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई। जिसमें मध्यप्रदेश से मानव अधिकार आयोग मित्र, फिरोजा खान भी शामिल थी।

ऑनलाईन मीट में समाज के प्रति सामाजिक बदलाव के किए गए कार्यो के साथ ही महिलाओं और बच्चों के अधिकार, महिलाओं का शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण, लैगिंग समानता, वूमन ट्रेफेकिंग जैसे अन्य विषयों पर




अलग-अलग सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने किए गए कार्यो को रखा। जिसमें मानव अधिकार आयोग मित्र, फिरोज खान ने वूमन ट्रेफेकिंग जैसे विषय पर मजबूती से अपना पक्ष रखा और किए गए कार्यो की जानकारी दी।

जिसके बाद ऑनलाईन मीट में महावीर इंटरनेशनल के सनसाईन इंटरनेशनल वूमेन अवार्ड की घोषणा की गई। जिसमें फिरोजा खान का नाम भी शामिल किया गया। आयोग मित्र, फिरोजा खान को यह अवार्ड जयपुर में महावीर इंटरनेशनल के जुलाई में आयोजित गोल्डन जुबली समारोह में प्रदान किया जाएगा।

गौरतलब हो कि, सामाजिक कार्यकर्ता, फिरोजा खान, लंबे समय से मानव अधिकार आयोग मित्र के दायित्वों का बखूबी निर्वहन करने के साथ ही सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी काम कर रही है। यही कारण है कि इससे पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के हस्ते शहीद अशफाक उल्ला, राज्यस्तरीय अवार्ड से सम्मानित हो चुकी है, जिसमें उन्हें एक लाख रूपए और सम्मान पत्र के साथ नवाजा गया था। यही नहीं बल्कि तत्कालीन महामहिम राज्यपाल बलराम जाखड़ के हाथो फख़्रे मिल्लत अवार्ड, यूनेस्को से पीस मैंसेजर अवार्ड और तेलंगाना काउंसिल से महिला शिरोमणी अवार्ड से उन्हें नवाजा जा चुका है।

### पत्रकार नंदलाल मानेश्वर को पितृशोक



**बालाघाट।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार नंदलाल मानेश्वर के पूज्य पिताश्री पीतमलाल मानेश्वर का 85 वर्ष की आयु में शुक्रवार की रात लगभग 10.30 बजे निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार आज 8 मार्च को गृहग्राम बहेराभाटा सालेटकरी में किया गया। इस अवसर पर निज निवास से स्वर्गीय पीतमलाल मानेश्वर के पार्थिव देह की शव यात्रा निकाली गई और निकट में ही खेत/बाड़ी में उनको समाधि दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में परिजन,रिश्तेदार सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जिन्होने पीतमलाल मानेश्वर के निधन पर शोक जताया और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। बता देवें कि स्वर्गीय पीतमलाल मानेश्वर के तीन पुत्र व दो पुत्रिया हैं।

### बुजुर्ग महिला की संदिग्ध हालत में मौत

**बालाघाट।** बालाघाट के किरनापुर थाना क्षेत्र के सिवनी खुर्द गांव में बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान सुभद्राबाई (90) पति स्व. पांडुजी नागेश्वर के रूप में हुई है। घटना 7 मार्च की है। शाम 4-5 बजे के बीच परिवार के लोगों ने सुभद्राबाई को घर के सामने खटिया पर मृत अवस्था में पाया। जांच में पता चला कि महिला के गले से चांदी का मोटा कड़ा और 12 हजार रुपए गायब थे। एसडीओपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि बुजुर्ग महिला की मौत संदिग्ध है। उनकी नाक में चोट के निशान मिले हैं, जहां से खून निकला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। हत्या के एंगल से भी जांच कर रही है। कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। घर में नाती-जवाई, नातिन और उनका परिवार रहता है। दो सदस्य कमाने के लिए बाहर गए हुए थे। सुभद्राबाई के कोई संतान नहीं थी।

### शीघ्र ही साहेब के बैहर आगमन का मिलेगा संदेश : अधिवक्ता आर.राजा सोनवाने

# जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कबीर ध्वज यात्रा का घमासान भ्रमण!




**हरिभूमि न्यूज बैहर।** बालाघाट जिले की बैहर तहसील के कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर द्वारा निकाली गई कबीर ध्वज यात्रा, इन दिनो समाज के बीच खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। समाज के प्रवक्ता मनीष सोनवाने से प्राप्त जानकारी अनुसार बताया जाता है की, विगत 1 मार्च 2025 से,कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष श्री अधिवक्ता आर राजा सोनवाने के निर्देशन पर एवं आमीन माता महिला मंडल बैहर के सौजन्य से संपूर्ण बालाघाट जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कबीर ध्वज यात्रा लगातार भ्रमण किया जा रहा है । जिसकी शुरुवात समाज के अध्यक्ष अधिवक्ता श्री सोनवाने के घर से प्रारम्भ की गई थी , और आज कई ग्रामों में भ्रमण कर चुका है, जिसका मुख्य उद्देश्य एकजुटता, जागरूकता,सद्भावना और साहेब के प्रति समर्पित भाव से काम करने की मंशा से कबीर ध्वज यात्रा संपूर्ण बालाघाट जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कराया जा रहा है, चर्चा के दौरान कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर जिला बालाघाट के अध्यक्ष अधिवक्ता श्री आर राजा सोनवाने ने बताया की, कबीर ध्वज यात्रा साहेब का संदेश है, साहेब का प्रेम है, और समाज के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का जागरूकता अभियान है। जैसे ही पता चला की, पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी नवोदय यात्रा के दौरान संपूर्ण भारत भ्रमण पर निकल चुके है, और शीघ्र ही साहेब जी मध्यप्रदेश में नवोदय यात्रा के दौरान पधारेंगे, जिसकी खुशी में हमारे द्वारा, बालाघाट जिले में विशेष तैयारियां की जा रही है, हो सकता है की, पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी की कृपा दृष्टि बालाघाट पर पड़ जाए और आने की मंशा जताए इसी आशय से दिनांक 1 मार्च 2025 से समाज के निर्देशन पर और आमीन माता महिला मंडल बैहर जिला बालाघाट के सौजन्य से कबीर ध्वज यात्रा प्रारम्भ की गई है, ताकि हमारे साहेब के आगमन को लेकर पुर्व तैयारियां हो सके। जिसको लेकर कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर जिला बालाघाट के अध्यक्ष अधिवक्ता श्री सोनवाने जी कहते है की, शीघ्र ही पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी के बैहर आगमन का संदेशा मिलेगा। जिसकी तैयारियां हमारे द्वारा जोर शोर से कबीर ध्वज यात्रा निकालकर की जा रही है।



**कबीर ध्वज यात्रा बालाघाट के अलग अलग क्षेत्रों में लगातार कर रहा है भ्रमण:** बालाघाट के कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी के आगमन की खुशी में झूम उठे है। और कबीर ध्वज यात्रा निकालकर संपूर्ण बालाघाट और आसपास के जिलों में भी लगातार भ्रमण कर,कबीरपंथियो को जगाने का काम कर रहे हैं। दिनांक 1 मार्च 2025 से प्रारंभ कबीर ध्वज यात्रा, अब तक कई दर्जनों क्षेत्र भ्रमण कर चुका है। जिसके दौरान आज ग्राम गढ़ी, ग्राम परसामऊ, ग्राम कोहका, ग्राम छपारा, ग्राम खुदराही, ग्राम पांडुतला चारटोला ग्राम सिजोरा मंडला जिला में किया गया।जहां साहेब के आगमन को लेकर भरपूर समर्थन दे रहे हैं। वहीं ग्राम गढ़ी में कबीर ध्वज यात्रा के हस्ते कबीर भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन भी कराया गया। इसी तरह अन्य क्षेत्रों में भी यात्रा का भव्य स्वागत, मर्यादा, एवं आरती की थाल, और ढोल नगाड़े के साथ वंदन, अभिनंदन कर रहे हैं, इसी के साथ भोजन की व्यवस्था ग्राम परसामऊ के आमीन माता महिला मंडल के द्वारा किया गया। इस तरह कबीर ध्वज यात्रा कबीरपंथियो के बीच खूब सुर्खियां बटोर रहा है।, यात्रा गांव ग्रामीणों में पहुंचते ही कबीरपंथियों में उत्साह की लहर दौड़ने लगती है। जो साहेब के आने की प्रतिक्षा में हैं। यात्रा के दौरान मुख्य रूप से कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर जिला बालाघाट के अध्यक्ष अधिवक्ता आर राजा सोनवाने, महंत अतीत दास संत, महंत अंतू दास मुरचूले, बखरू दास धार्वे सरपंच, करण दास परवार उपाध्यक्ष, राजू दास परवार उपाध्यक्ष, सुनील धार्वे संरक्षक, कोमल सोनवाने संरक्षक, लल्ला परवार संरक्षक, सम्मल दास सियान नवयुवक के अध्यक्ष सुरजीत टांडिया,श्रीमती गीता सोनवाने, श्रीमती उर्मिला धार्वे, श्रीमती लक्ष्मी पनरिया, श्रीमती मीना धार्वे, श्रीमती सरस्वती मांगरे, श्रीमती जयंती मांगरे, पायल धार्वे, श्रीमती सुनीता पनरिया, श्रीमती मीना परवार, श्रीमती नीलू धारवैया, श्रीमती मानती मुरचूले, श्रीमती सकून परवार, लक्ष्मी सुरेश्वर, श्रीमती फूलकली धार्वे, नवयुवक के समस्त पदाधिकारी एवं कबीरपंथी समाज भारी संख्या में उपस्थित रहे।